संख्या-768/2025/2117/22-2-2024-17(593)/2024

प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 11 जुलाई, 2025

विषय:- जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सतनाम उर्फ निम्मा उर्फ संजय पुत्र श्री नौरंग सिंह, निवासी जनपद-बुलन्दशहर की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक(मु0) के पत्र संख्या-36891/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-22.11.2024) दिनांक-05.12.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सतनाम उर्फ निम्मा उर्फ संजय पुत्र श्री नौरंग सिंह, भढौना, थाना-बी0बी0 नगर, जनपद-बुलन्दशहर का निवासी है। वादी विजय कौशिक ने दिनांक 24.03.2009 को शाम 4 बजे थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 20.03.2009 को 400 कट्टे सीमेंट की बोरी ट्रक पर लदवाये गये जिसके चालक कश्मीर सिंह व परिचालक सतनाम उर्फ निम्मा थे। परिचालक सतनाम उर्फ निम्मा ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर चालक कश्मीर सिंह की हत्या कर दी व 400 कट्टे सीमेंट को अगले दिन ले जाकर शिव ट्रैडर्स को बेच दिया था, उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-927/2009 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 201 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-04, मुजफ्फरनगर के आदेश दिनांक 15.10.2015 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, बन्दी की अपील मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित है, बंदी द्वारा दिनांक 21.11.2024 तक 15 वर्ष, 07 माह, 22 दिन की अपरिहार तथा 18 वर्ष, 18 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है।

3- जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 कि०एल०जे0 1471 में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बंदी द्वारा भविष्य में पुनः अपराध कारित किये जाने की सम्भावना से इंकार नहीं किये जाने, बन्दी की आयु 40 वर्ष होने, बंदी के परिवार की सामाजिक एवं आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त न होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में वादी विजय कौशिक ने दिनांक 24.03.2009 को शाम 4 बजे थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 20.03.2009 को 400 कट्टे सीमेंट की बोरी ट्रक पर लदवाये गये जिसके चालक कश्मीर सिंह व परिचालक सतनाम उर्फ निम्मा थे, परिचालक सतनाम उर्फ निम्मा ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर चालक कश्मीर सिंह की हत्या कर दी व 400 कट्टे सीमेंट को अगले दिन ले जाकर शिव ट्रैडर्स को बेच दिये जाने का जघन्य अपराध कारित किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नही है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी सतनाम उर्फ निम्मा उर्फ संजय पुत्री नौरंग सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सतनाम उर्फ निम्मा उर्फ संजय (बन्दी संख्या-494/2018) पुत्र श्री नौरंग सिंह, निवासी जनपद-बुलन्दशहर के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-768/2025/2117(1)/22-2-2024 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक जिला कारागार गाजियाबाद को विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के सन्दर्भ में।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
सूर्य प्रकाश मिश्र
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-768/2025/2117/22-2-2024-17(593)/2024

दिनांक 11 जुलाई, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सतनाम उर्फ निम्मा उर्फ संजय पुत्र श्री नौरंग सिंह, भढौना, थाना-बी0बी0 नगर, जनपद-बुलन्दशहर का निवासी है। वादी विजय कौशिक ने दिनांक 24.03.2009 को शाम 4 बजे थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 20.03.2009 को 400 कट्टे सीमेंट की बोरी ट्रक पर लदवाये गये जिसके चालक कश्मीर सिंह व परिचालक सतनाम उर्फ निम्मा थे। परिचालक सतनाम उर्फ निम्मा ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर चालक कश्मीर सिंह की हत्या कर दी व 400 कट्टे सीमेंट को अगले दिन ले जाकर शिव ट्रैडर्स को बेच दिया था, उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-927/2009 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 201 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं0-04, मुजफ्फरनगर के आदेश दिनांक 15.10.2015 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, बन्दी की अपील मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित है, बंदी द्वारा दिनांक 21.11.2024 तक 15 वर्ष, 07 माह, 22 दिन की अपरिहार तथा 18 वर्ष, 18 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, बुलन्दशहर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 कि०एल०जे0 1471 में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बंदी द्वारा भविष्य में पुनः अपराध कारित किये जाने की सम्भावना से इंकार नहीं किये जाने, बन्दी की आयु 40 वर्ष होने, बंदी के परिवार की सामाजिक एवं आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त न होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में वादी विजय कौशिक ने दिनांक 24.03.2009 को शाम 4 बजे थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 20.03.2009 को 400 कट्टे सीमेंट की बोरी ट्रक पर लदवाये गये जिसके चालक कश्मीर सिंह व परिचालक सतनाम उर्फ निम्मा थे, परिचालक सतनाम उर्फ निम्मा ने अपने 02 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर चालक कश्मीर सिंह की हत्या कर दी व 400 कट्टे सीमेंट को अगले दिन ले जाकर शिव ट्रैडर्स को बेच दिये जाने का जघन्य अपराध कारित किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नही है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी सतनाम उर्फ निम्मा उर्फ संजय पुत्री नौरंग सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह

संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।